# कार्यालय,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
एवं
# जिला परियोजना कार्यालय
## जनपद– बलरामपुर।

**दूरभाष :–05262 – 234360, 9453004133,**
**E-mail : mis.balrampur@gmail.com**

समग्र शिक्षा


पत्रांकः स0शि0 / निर्देश / 582-86 /2024–25 दिनांकः 8 मई 2024

**समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी,**
**जनपद– बलरामपुर।**

**विषयः–वर्ष 2024–25 में परिषदीय प्राथमिक विद्यालय/ उच्च प्राथमिक विद्यालय/ कम्पोजिट विद्यालयों में कम्पोजिट स्कूल ग्राण्ट हेतु बजट निर्देश के सम्बन्ध में।**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा के पत्र संख्याः नि0का0 / स0शि0 / क0स्कूल ग्राण्ट / 830 / 2024–25 दिनांकः 01 मई 2024 द्वारा निर्देशित किया गया है कि कम्पोजिट स्कूल ग्राण्ट की अवमुक्त धनराशि के अन्तर्गत परिषदीय प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के उपयोगार्थ उपलब्ध कराये जा रहे टेबलेट्स के संचालनार्थ सिम कार्ड एंव इण्टरनेट की सुविधा (2माह) हेतु व्यय कम्पोजिट स्कूल ग्राण्ट से तत्काल किया जायेगा सिम एवं इण्टरनेट की सुविधा (वित्तीय वर्ष 2024–25) हेतु कम्पोजिट स्कूल ग्राण्ट से 01 टेबलेट हेतु अधिकतम रू0 2400.00 (दो हजार चार सौ मात्र) तथा 02 टेबलेट हेतु अधिकतम मु0: 4800.00 (चार हजार आठ सौ मात्र) के व्यय की अनुमति प्रदान की गयी है, जिसका समायोजन विद्यालय को प्राप्त होने वाली कम्पोजिट स्कूल ग्राण्ट से यथासमय किया जायेगा। सिम का क्रय स्थानीय स्तर पर मोबाईल नेटवर्क कनेक्टिविटी की उपलब्धता के दृष्टिगत किया जायेगा।

अस्तु उक्त के क्रम में आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि विकास खण्डवार विद्यालय की सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें कि किस विद्यालय में, किस नेटवर्क का संचालिन सुविधा पूर्वक किया जा रहा है। उक्त सूचना प्राप्त कराने हेतु निम्नलिखित प्रारूप पर अवगत करायें–

**प्रारूप**

**विकास खण्ड का नामः–**

| क्रम संख्या | कुल विद्यालयों की संख्या | 01 टेबलेट प्राप्त करने वाले विद्यालयों की सं0 | 02 टेबलेट प्राप्त करने वाले विद्यालयों की सं0 | संदर्भित विद्यालय में नेट संचालन हेतु उपलब्ध नेटवर्क कम्पनी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**संलग्नकः– उक्तवत्।**

( कल्पना देवी )
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
बलरामपुर।

पृ0सं0: तदैव।
प्रतिलिपि–

1. राज्य परियोजना निदेशक, राज्य परियोजना कार्यालय, विद्या भवन निशातगंज, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, बलरामपुर महोदय को सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, बलरामपुर महोदय को सादर सूचनार्थ।
4. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बे0) देवीपाटन मण्डल, गोण्डा।
5. कार्यालय प्रति।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
बलरामपुर।



Scanned with OKEN Scanner